आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक इंग्लैंड में प्रतिष्ठित फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बने।

2. श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केन्द्र में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए इनोवेशन हब की स्थापना की गई है।

3. प्रशासन के शिक्षा निदेशालय की ओर से मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में ग्राम पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया।

4. गैर सरकारी संगठन गुरू की रसोई द्वारा श्री विजयपुरम में स्वास्थ्य एवं आरोग्य जागरूता कार्यक्रम आयोजित।

<><><><><><><>

प्रसिद्ध भारतीय बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक प्रतिष्ठित फ्रेड डारिंगटन बालू मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। यह पुरस्कार उन्हें बालू कला में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। श्री पटनायक को यह पुरस्कार इंग्लैंड के डोरसेट में सैंड वर्ल्ड – दो हजार पच्चीस अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव में प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री पटनायक ने भगवान गणेश की दस फुट ऊंची कलाकृति बनाई। इसके जरिए उन्होंने विश्व शांति का संदेश दिया।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत आदिवासी होम स्टे विकसित करने की पहल को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए स्वदेश दर्शन और तीर्थ यात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन की अपनी योजनाओं के तहत पर्यटन विकास के लिए राज्य सरकारों और केन्द्रशासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकास के लिए थीम के रूप में जनजातीय परिपथ की पहचान की गई थी।

<><><><><><><>

देश में कुल बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी उनतालिस दशमलव दो प्रतिशत है। वहीं, भारत में बैंक खातों में जमा धन में महिलाओं का योगदान उनतालिस दशमलव सात प्रतिशत है। यह जानकारी सरकार द्वारा रविवार को दी गई। सरकार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में खुले बैंक खातों में महिलाओं की

हिस्सेदारी बयालिस दशमलव दो प्रतिशत है। पिछले कुछ वर्षों में डीमैट खातों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। इक्तीस मार्च, दो हजार इक्कीस से तीस नवंबर, दो हजार चौबीस तक डीमैट खातों की कुल संख्या तीन दशमलव तीन दो करोड़ से बढ़कर चौदह दशमलव तीन शून्य करोड़ हो गई, जो चार गुना से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। पुरुष खाताधारकों की संख्या लगातार महिला खाताधारकों से अधिक रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी में भी वृद्धि का रुझान देखा गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केन्द्र में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए एक इनोवेशन हब की स्थापना की गई है। इसका उददेश्य शनिवार और रविवार को स्कूल के बाद छात्रों को नए डिजाइन विकसित करने और नई वस्तुओं, अभिनव परियोजनाओं, उत्पादों और शिल्पों को बनाने में मदद करना है। यह हब नए प्रयोग, स्वतंत्र सोच, समस्या समाधान क्षमता को बढ़ावा देंगे और नए विचार उत्पन्न करने में सहायक होगा। इनोवेशन हब की स्थापना के बाद से अब तक लगभग दो हजार छात्र इसका दौरा कर चुके हैं। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र दो हजार रूपए प्रति वर्ष, कॉलेज के विज्ञान और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के छात्र चार हजार रूपए प्रति वर्ष देकर इसमें व्यक्तिगत सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं। इनोवेशन हब सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा। इसके अलावा सस्थागत सदस्यता प्राप्त करने के लिए स्कूली छात्रों को छह हजार रूपए प्रति वर्ष और कॉलेज के छात्रों को आठ हजार रूपए प्रति वर्ष जमा करने होंगे। इच्छुक छात्र बीस अप्रैल तक सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे के बीच विज्ञान केन्द्र में पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में एक ग्राम पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया है। यह पुस्तकालय समुदाय के लोगों को सूचना और शैक्षिक सामग्री प्रदान करने में मदद करेगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को सशक्त बनाना, पढ़ने के लिए प्रेरित करना और क्षेत्र में साक्षरता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक, विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में पढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पढ़ना हमें शब्दों, वाक्यांशों और भाषा संरचना की विस्तृत जानकारी से अवगत कराता है, जो हमारी शब्दावली और संचार कौशल को बेहतर बनाने में मदद करता है।

<><><><><><><>

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है: ''स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य''। यह वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और उससे संबद्ध

निकायों द्वारा संचालित एक वैश्विक पहल है। यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष यह दुनिया भर के लोगों के लिए चिंता के एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय की ओर ध्यान केन्द्रित करता है। सात अप्रैल उन्नीस सौ अड़तालिस को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी इसी की याद में हर साल आज के दिन विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में कल गुरू की रसोई के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं आरोग्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दक्षिण अण्डमान और विम्बर्लीगंज क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से लगभग इक्यावन स्वास्थ्य एम्बेसडरों ने गैर सरकारी संगठन गुरू की रसोई द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरूपयोग और बाल सुरक्षा पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अनिम्स के मनोचिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर कुशल बैद्य और शिक्षा उप निदेशक संगीता चंद ने शिक्षकों को विषय पर जानकारी देते हुए स्कूलों में आने वाली समस्याओं के समाधान में स्वास्थ्य अम्बेसडरों के कर्त्तव्यों और जिम्मेदारियों पर ध्यान केन्द्रित किया।

<><><><><><><>

प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में आज सुबह ग्यारह बजे केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद नौंवी से बारहवीं कक्षा के लिए दोपहर बारह बजे पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा साहित्य सीखने पर भी एक सत्र का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय, खेल एवं युवा मामले विभाग और अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से द्वीप समूह में पहली बार फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट– 'अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम दो हजार पच्चीस' का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट उन्नीस और बीस अप्रैल, को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम में होगा। इसमें सभी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। टूर्नामेंट के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है; पर, सभी प्रतिभागियों के लिए वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए एआईसीएफ पंजीकरण अनिवार्य है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तमिलनाडु में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी–ब्रिज का उद्घाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने प्रधानमंत्री के उस बयान को भी प्रमुखता दी है, जिसमें उन्होंने कहा – हजारों साल पुराना शहर अब इक्कीसवीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जुड़ गया है। प्रदर्शनी मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में स्कूली बच्चों के साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने छोलदारी में चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स द्वारा सामुदायिक शतरंज समारोह आयोजित करने के समाचार को अंतिम पन्ने में जगह दी है। टीएसजी भास्कर को वन मजदूर संघ के अध्यक्ष चुने जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है। इको ऑफ इंडिया ने भी इस खबर को अंदर के पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के होटल व्यवसायियों को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाणपत्र प्रदान करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>